दिनांक 2 जनवरी 2023   स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

मॉडल टाउन में 10 लाख की लागत से बनेगा सड़क, महापौर नीरज पाल ने भूमि पूजन कर प्रारंभ कराया कार्य, खराब सड़क से मिलेगी निजात

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत मॉडल टाउन वार्ड क्रमांक 3 में सीसी रोड का निर्माण किया जाएगा। आज महापौर नीरज पाल ने भूमि पूजन कर कार्य को प्रारंभ करवाया। इस दौरान एमआईसी मेंबर संदीप निरंकारी , लाल चंद वर्मा तथा स्थानीय पार्षद हरिओम तिवारी मौजूद रहे। अधोसंरचना मद की राशि से सड़क का निर्माण होगा , 10 लाख की लागत से होने वाले सीसी रोड निर्माण कार्य की शुरुआत आज से हो चुकी है। अब मॉडल टाउन निवासियों को तथा भिलाई वासियों को इस क्षेत्र में खराब सड़कों से नहीं गुजरना होगा। सड़क 4 में सीसी रोड का निर्माण होगा। निर्माण कार्य होने के पश्चात गड्ढों के कारण हादसे भी कम होंगे तथा राहगीरों को आने-जाने में असुविधा नहीं होगी , बारिश के दिनों में भी लोगों को कीचड़ से राहत मिलेगी। काफी समय से रहवासी रोड की मांग कर रहे थे जिसको देखते हुए स्थानीय पार्षद ने महापौर को सड़क की स्थिति से अवगत कराया। महापौर ने इसे त्वरित संज्ञान लेकर निगम के अधिकारियों को एस्टीमेट तैयार करने के लिए निर्देश दिए। विभागीय प्रक्रिया पूरी करने के बाद आज विधि विधान से कार्य का भूमि पूजन कर सीसी रोड निर्माण कार्य प्रारंभ कराया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में मोहल्ले वासी भी मौजूद रहे। मोहल्ले वासियों ने कार्य के लिए महापौर तथा निगम प्रशासन का आभार व्यक्त किया। भूमि पूजन के दौरान नेहरू नगर के जोन आयुक्त राजेंद्र नायक तथा कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा भी मौजूद रहे।